दिन– सोमवार
दिनांक– 27 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।
अवधि– 15 मिनट

01. श्रद्धा और भक्तिपूर्ण माहौल में आज श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा।

02 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं।

03. विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार छठ के बाद होगा और तेज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो नवम्बर को पटना में करेंगे रोड–शो।

04. और, निवार्चन आयोग ने बिहार के बाद बारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, एसआईआर की घोषणा की।

---

लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन आज छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

–––म्यूजिक–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सरकारी आवास पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। दोपहर बाद से ही छठव्रतियों का छठ के मधुर गीतों के साथ छठ घाटों पर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। पटना में गंगा नदी के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गंगा, गंडक, कोसी, बागमती, सरयू, महानंदा सहित अन्य नदियों के किनारे छठ घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु अर्घ्य अर्पित करने के लिए पहुंचे थे। पूरे राज्य में छठ का उत्साह देखते ही बन रहा है। नदी किनारे बने छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे। छठ घाटों पर बैरिकेडिंग, चेंजींग रूम और प्रकाश की समूचित व्यवस्था की गयी है। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो जाएगा।

–––म्यूजिक–––

---

औरंगाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया है कि ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में अर्घ्य देने के लिए बिहार सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे हैं।

———रिपोर्ट———

औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल देव के पौराणिक सूर्य कुंड में आज लाखों की संख्या में छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। दोपहर बाद से ही बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान से छठव्रतियों के आने का सिलसिल शुरू हो गया था। अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाये गये त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की पूजा–अर्चना की। कल सुबह उदीयमान सूर्य को अर्ध अर्पित करने के साथ ही चार दिनों का यह पवित्र अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

नवादा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि छठ घाटों पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———रिपोर्ट———

नवादा जिले के हड़िया स्थित द्वापरयुगीन सूर्य मंदिर के समीप अस्ताचलगामी सूर्य को लाखों की संख्या में प्रदेश के अलावा सीमावर्ती झारखंड और बंगाल के छठव्रतियों ने भी अर्घ्य अर्पित किया। छठव्रतियों ने भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की। छठ को लेकर सूर्य मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जिले के विभिन्न घाटों पर प्रशासन की ओर से व्रतियों के लिए व्यापक सूरक्षा–व्यवस्था की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए नवादा से अशोक प्रियदर्शी।

शेखपुरा के विभिन्न छठ घाटों पर बड़ी संख्या में छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर विभिन्न छठ घाटों पर एसडीआरएफ की टीम तैनात थी।

———रिपोर्ट———

शेखपुरा के विभिन्न छठ घाटों पर बड़ी संख्या में छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। जिले के हथियावां स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट, रतोईया घाट, सोहसराय सूर्य मंदिर तालाब और बरबीघा स्थित गांधी सरोवर घाट पर छठव्रतियों ने पूजा–अर्चना की। जिला प्रशासन की ओर से घाटों पर पीने का पानी, चेंजिंग रूम और अस्थाई ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए शेखपुरा से निरंजन कुमार।

पटना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि छठ घाटों पर प्रशासन की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए भी अभियान चलाया गया।

———बाइट———

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को छठ पर्व की शुभकानाएं दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये पर्व सूर्य देव और छठी मईया की पूजा तथा

प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि छठ पूजा सादगी और पवित्रता का त्योहार है, जो हमें प्रकृति के साथ गहराई से जोड़ता है।

———————————————————————

भोजपुरी अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद कहा कि छठ पूजा से हर बिहारी का भावनात्मक जुड़ाव है। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि छठी मईया हर किसी के जीवन में ढेर सारी खुशियां और उन्नति लेकर आयें।

———बाइट———

———————————————————————

छठ महापर्व के अवसर पर प्रातःकालीन अर्घ्य का आकाशवाणी से आंखों देखा हाल प्रसारित किया जायेगा। प्रातःकालीन अर्घ्य का आंखों देखा हाल कल भागलपुर के गंगा तट से सुबह पांच बजे से सुबह साढ़े छह बजे तक आकाशवाणी के भागलपुर केंद्र द्वारा प्रसारित किया जायेगा।

———————————————————————

न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। चीफ जस्टिस बी.आर. गवई ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को अगले मुख्य न्यायाधीश के लिए जस्टिस सूर्यकांत के नाम का प्रस्ताव भेजा है। मुख्य न्यायाधीश गवई का कार्यकाल तेईस नवंबर को समाप्त हो रहा है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के राष्ट्रीय गीत – वंदे मातरम की रचना के सात नवम्बर को एक सौ पचास वर्ष पूरा होने पर लोगों से हैशटैग वंदेमातरम एक सौ पचास के साथ सुझाव भेजने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम शब्द देशभक्ति से ओत–प्रोत शब्द है, जो हम सभी के जीवन में नयी ऊर्जा को जन्म देता है।

———बाइट———

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार के बाद मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम– एसआईआर के दूसरे चरण में बारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में इसे कराए जाने की घोषणा की है। आज नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को अधिक पारदर्शी और त्रुटि रहित बनाना है।

———बाइट———

दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, गोवा, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और अंडमान निकोबार में एसआईआर कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि दूसरे चरण के अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा।

———बाइट———

————————————————————

जदयू नेता नीरज कुमार ने चुनाव आयोग की ओर से बिहार के बाद बारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर कराये जाने की घोषणा का स्वागत किया है। श्री कुमार ने कहा कि एसआईआर से मतदाता सूची को पारदर्शी ढंग से तैयार करने में मदद मिलेगी।

———बाइट———

————————————————————

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिये प्रचार और तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो नवम्बर को पटना में रोड शो करेंगे। इससे पहले श्री मोदी तीस अक्टूबर को छपरा और मुजफ्फरपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह उनतीस अक्टूबर से दो दिवसीय बिहार दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे लोक गायिका मैथिली ठाकुर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में जन सभाएं करेंगे।

————————————————————

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी उनतीस अक्टूबर को मुजफ्फरपुर के सकरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रियंका गांधी अट्ठाईस अक्टूबर को पटना में विभिन्न चुनावी सभाओं में भाग लेंगी। वहीं, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार

और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव कल सारण जिले के मांझी, मढौरा, अमनौर, गरखा समेत कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आज कटिहार जिले के कोढ़ा में मतदाताओं से संपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी कविता पासवान को जिताने की अपील की।

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर के असरगंज प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में रोड–शो किया और एनडीए उम्मीदवार को जिताने की अपील की।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. श्रद्धा और भक्तिपूर्ण माहौल में आज श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा।

02 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं।

03. विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार छठ के बाद होगा और तेज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो नवम्बर को पटना में करेंगे रोड–शो।

04. और, निवार्चन आयोग ने बिहार के बाद बारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, एसआईआर की घोषणा की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।